प्रेस नोट

दिनांक 17.12.2024

परिक्षा केंद्र निरीक्षण-

आज दिनांक 17.12.2024 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आगामी पीसीएस परीक्षा के दृष्टिगत, परिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय कुछेछा, राजकीय इंटर कालेज हमीरपुर, राजकीय बालिका इंटर कालेज हमीरपुर, विद्या मन्दिर हमीरपुर, राजाराम इण्टर कॉलेज कुरारा, राजकीय महाविद्यालय सुमेरपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों के परीक्षा कक्ष, कार्यालय का निरीक्षण किया गया, सीसीटीवी कैमरा, अग्निशमन यंत्र आदि सुरक्षा उपकरणों को चेक किया गया साथ ही साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शांति व्यवस्था हेतु तैनात पुलिस बल को आवश्यक निर्देश दिए साथ ही परीक्षा समाप्त होने पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाए जाने हेतु यातायात पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए गए जिससे कि परीक्षार्थियों/अभिभावकों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, उप जिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।